NBT
नवभारत टाइम्स

- Fake Auto Parsets Were Sold, Two Arrested

# बेच रहे थे नकली ऑटो पार्सट्स, दो गिरफ्तार

ऋषि सेंगर |नवभारत टाइम्स | Updated: 27 Sep 2019, 06:30:00 AM IST

अलीगंज पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर मारा छापा

दो दुकानों से बचाज ऑटो के नकली पार्ट्स बरामद, रिपोर्ट दर्ज

एनबीटी, लखनऊ : अलीगंज पुलिस ने नकली ऑटो पार्ट्स बेचने के आरोप में गुरुवार को दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर छापेमारी में दुकानों से बजाज कंपनी के नकली ऑटो पार्ट्स बरामद होने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

इंस्पेक्टर अलीगंज फरीद अहमद के अनुसार गुड़गांव स्थित आईपी सोल्यूशन एलएलपी कंपनी के अधिकिारियों ने पुरनिया स्थित कुछ दुकानों से नकली ऑटो पार्ट्स बिकने की शिकायत की थी। इस पर कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस टीम ने पुरनिया स्थित एल्डिको कॉम्प्लेक्स पर छापा मारा। दो दुकानों भारत ऑटो मोबाइल्स व साईं ऑटो पार्ट्स से 93 पीस नकली क्लच सेट, 13 एयर फिल्टर और एक वॉल्व फ्लोट पिन बरामद हुई। पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दुकानों के मालिक शिखर माथुर और अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/fake-auto-parsets-were-sold-two-arrested/articleshow/71318459.cms